# HINDI

**Question Booklet Sl. No.** 050314

Name & Signature of the Invigilator **PAPER – II** OMR Answer Sheet No. : ☐☐☐☐☐☐

........................................................ **CODE-05** Roll No. : ☐☐☐☐☐☐

........................................................ (in figures as in Hall Ticket)

Roll Number in words : ......................................

..........................................................................

**Time : 2 Hours]** **No. of Printed Pages : 16** **[Maximum Marks : 200**

## Instructions for the Candidates

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **one hundred (100)** multiple choice type of questions. **All** questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Answer Sheet and the OMR Answer Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example:** (A) ● (C) (D) where (B) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated on the OMR Answer Sheet under Paper – II only. If you mark your response at any place other than in the oval in the OMR Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. You have to return the original OMR Answer Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Answer Sheet on conclusion of examination.
9. Use only Blue/Black Ball point pen.
10. Use of any calculator or any electronic devices or log table etc., are prohibited.
11. There shall be no negative marking.

## પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ

1. આ પાનાની ટોચ પર દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા સો (૧૦૦) પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં આપને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ પાંચ (૫) મિનિટ દરમ્યાન તમારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું :
   (i) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પૃષ્ઠની ધાર પર આપેલ સીલ સ્ટીકર ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (ii) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો, પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પ્રશ્નો/ પૃષ્ઠો ઓછાં હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા અન્ય કોઈ ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ સંજોગોમાં ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં. અને જો ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ (૫) મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમયગાળો આપવામાં આવશે નહીં.
   (iii) આ ચકાસણી સમાપ્ત થાય પછી, પ્રશ્નપુસ્તિકાનો નંબર OMR જવાબ પત્રક પર લખવો અને OMR જવાબ પત્રકનો નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર જવાબ વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં આવેલ છે. તમારે સાચા જવાબના ઓવલ (oval)ને નીચે આપેલ ઉદાહરણ મુજબ પેનથી ભરીને સંપૂર્ણ કાળું કરવાનું રહેશે.
   **ઉદાહરણ** : (A) ● (C) (D) કે જ્યાં (B) સાચો જવાબ છે.
5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નોના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ OMR જવાબ પત્રકમાં પેપર-II લખેલ વિભાગમાં જ અંકિત કરવા. જો આપ OMR જવાબ પત્રકમાં આપેલ ઓવલ (oval) સિવાય અન્ય સ્થાને જવાબ અંકિત કરશો તો તે જવાબનું મૂલ્યાંકન કરવામાં આવશે નહીં.
6. કાચું કામ (Rough work) પ્રશ્નપુસ્તિકાના અંતિમ પૃષ્ઠ પર કરવું.
7. જો આપ OMR જવાબ પત્રક નિયત જગ્યા સિવાય અન્ય કોઈપણ સ્થાને, આપનું નામ, રોલ નંબર, ફોન નંબર અથવા એવું કોઈ ચિહ્નકે જેનાથી તમારી ઓળખ થઈ શકે, અંકિત કરશો અથવા અભદ્ર ભાષાનો પ્રયોગ કરો, અથવા અન્ય કોઈ અનુચિત સાધનોનો ઉપયોગ કરો, જેમકે અંકિત કરી દીધેલ જવાબ ભૂંસી નાખવો કે સફેદ શાહીનો ઉપયોગ કરી બદલશો તો આપને પરીક્ષા માટે અયોગ્ય જાહેર કરવામાં આવસે.
8. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા બાદ ઓરીજીનલ OMR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજિયાત સોપી દેવું અને કોઈ પણ સંજોગોમાં તે પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવું નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર ઓરીજીનલ પ્રશ્નપુસ્તિકા અને OMR જવાબ પત્રકની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
9. માત્ર કાળી / ભૂરી બોલ પોઈન્ટ પેન વાપરવી.
10. કેલ્ક્યુલેટર,લોગ ટેબલ અને અન્ય ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
11. ખોટા જવાબ માટે નકારાત્મક ગુણાંકન પ્રથા નથી.

SEAL

DO NOT WRITE HERE

# HINDI

## Paper – II

**1.** इनमें से कौन–सी भाषा भारोपीय परिवार की नहीं है ?

(A) मराठी (B) गुजराती (C) मलयालम (D) हिन्दी

**2.** भोजपुरी, मैथिली, मगही किस अपभ्रंश से विकसित बोलियाँ हैं ?

(A) अर्धमागधी (B) मागधी (C) शौरसेनी (D) ब्राचड

**3.** पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ अपभ्रंश के किस रूप से विकसित हुई ?

(A) शौरसेनी (B) अर्धमागधी (C) मागधी (D) पैशाची

**4.** इनमें से कौन–सा शब्द 'अव्ययीभाव समास' का उदाहरण है ?

(A) मदांध (B) आजन्म (C) गौशाला (D) दोपहर

**5.** 'खालिक बारी' (अमीर खुसरो) किस विधा की रचना है ?

(A) शायरी (B) जीवनी (C) शब्दकोश (D) आत्मकथा

**6.** हिन्दी हमारे देश की क्या है ?

(A) राष्ट्रभाषा (B) राजभाषा (C) मातृभाषा (D) लोकभाषा

**7.** 'भा अवतार मोर नौ सदी ।
तीस बरस ऊपर कवि बदी ।।'
यह पंक्ति हिन्दी की किस बोली में है ?

(A) ब्रज (B) कौरवी (C) छत्तीसगढ़ी (D) अवधी

**8.** ''मेरी आँखें उस दिन को देखने को तरस रही हैं जब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सब भारतीय एक भाषा समझने और बोलने लग जाएँ ।''
उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) महात्मा गाँधी (B) दयानंद सरस्वती (C) मदन मोहन मालवीय (D) महर्षि अरविन्द

**9.** सदल मिश्र की फोर्ट विलियम कॉलेज में नियुक्ति किस पद पर हुई थी ?

(A) हिन्दी अध्यापक (B) भाषा मुंशी (C) भाषा अनुवादक (D) भाषा क्लर्क

**10.** निम्नलिखित में से 'छिताईवार्ता' का संबंध किससे है ?

(A) दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता
(B) चौरासी वैष्णवन की वार्ता
(C) प्रेमाख्यान काव्य
(D) अष्टछाप

**11.** अष्टछाप की स्थापना इनमें से किन्होंने की ?

(A) वल्लभाचार्य
(B) रामानुजाचार्य
(C) सूरदास
(D) विट्ठलनाथ

**12.** आदिकाल के लिए 'सिद्ध-सामंत काल' नाम किसने दिया है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. नगेन्द्र

**13.** श्री गुरुग्रंथ साहब के संकलनकर्ता हैं

(A) गुरु नानक देव
(B) गुरु अर्जुन देव सिंह
(C) गुरु हरगोविंद सिंह देव
(D) गुरु गोविंद सिंह

**14.** परंपरा के अनुसार आलवारों और नायनारों की संख्या कितनी हैं ?

(A) 9 और 11
(B) 12 और 53
(C) 21 और 63
(D) 12 और 63

**15.** भक्त कवियों को स्थान के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. लल्लद्यद | 1. गुजरात |
| b. प्रीतमदास | 2. कर्नाटक |
| c. अक्कमहादेवी | 3. तमिलनाडु |
| d. अण्डाल | 4. कश्मीर |

(A) a – 4 b – 1 c – 2 d – 3
(B) a – 2 b – 4 c – 3 d – 1
(C) a – 3 b – 4 c – 2 d – 1
(D) a – 1 b – 4 c – 2 d – 3

**16.** 'मेरे विचार से भी धार्मिक पुस्तकों को साहित्य के इतिहास में त्याज्य नहीं मानना चाहिए ।' यह कथन इनमें से किनका है ?

(A) शिव सिंह सेंगर
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) रामकुमार वर्मा
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**17.** 'नचारी' का संबंध भक्ति की किस धारा से है ?

(A) शैवभक्ति
(B) कृष्णभक्ति
(C) रामभक्ति
(D) प्रेममार्गी भक्ति (सूफी)

**18.** सही और गलत का चुनाव कीजिए ।

1. नई कविता में बिंबों की अतिशयता के कारण कवियों ने महसूस किया कि कविता से बिंब को मुक्त करके ही उसे जीवंत बनाया जा सकता है ।
2. बिंबों की अधिकता कविता की सहज सम्प्रेषणीयता को बाधित करती है ।

(A) 1 सही और 2 गलत
(B) 1 गलत और 2 सही
(C) 1 और 2 दोनों गलत
(D) 1 और 2 दोनों सही

**19.** सही और गलत का चुनाव कीजिए ।

1. जनता की चित्तवृत्ति और साहित्य के स्वरूप की परंपरा का सामंजस्य दिखाना साहित्य का इतिहास कहलाता है ।
2. जनता की चित्तवृत्ति चंचल होती है और साहित्य का स्वरूप स्थिर । इसलिए दोनों का सामंजस्य दिखाना आवश्यक होता है ।

(A) 1 और 2 दोनों गलत
(B) 1 और 2 दोनों सही
(C) 1 सही और 2 गलत
(D) 1 गलत और 2 सही

**20.** इनमें से किस विद्वान ने भारतेन्दु से लेकर महावीर प्रसाद द्विवेदी तक के काल को हिन्दी का 'पुनरूत्थानवादी युग' कहा है ?

(A) नामवर सिंह
(B) मैनेजर पाण्डेय
(C) रामविलास शर्मा
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**21.** मध्यकालीन पंथों और भक्त कवियों का कौन–सा युग्म सही नहीं है ?

(A) हरिदास निरंजनी सम्प्रदाय – लालदास
(B) कबीर पंथ – धर्मदास
(C) नानक पंथ – गुरु रामदास
(D) दादू पंथ – सुंदरदास

**22.** निम्नलिखित में से कौन–सी विशेषता संतकाव्य की नहीं है ?

(A) शास्त्रीय ज्ञान की अनिवार्यता का समर्थन
(B) करनी–कथनी की एकता पर बल देना
(C) सामाजिक–धार्मिक रूढ़ियों का विरोध करना
(D) सामान्य जनता में सत्य का प्रचार करना

**23.** निम्नलिखित में से किस प्रेमाख्यान में चौपाइयों के बीच 'बरबै छंद' को रखा गया है ?

(A) मृगावती
(B) पद्मावत
(C) चित्रावली
(D) अनुराग बाँसुरी

**24.** साहित्य अकादेमी दिल्ली से निकलने वाली पत्रिका का नाम है

(A) समकालीन भारतीय साहित्य
(B) वागर्थ
(C) आजकल
(D) नया ज्ञानोदय

**25.** निम्नलिखित अवधारणाओं को उनके आलोचकों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. लोकमंगल की भावना | 1. रामविलास शर्मा |
| b. परंपरा की निरंतरता | 2. रामचन्द्र शुक्ल |
| c. हिन्दी जाति | 3. हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| d. कला के तीन क्षण | 4. मुक्तिबोध |

(A) a – 2 b – 3 c – 4 d – 1

(B) a – 2 b – 4 c – 3 d – 1

(C) a – 2 b – 3 c – 1 d – 4

(D) a – 1 b – 4 c – 2 d – 3

**26.** 'नटरंग' किस विषय की पत्रिका है ?

(A) लोकनृत्य (B) नाटक एवं रंगमंच (C) संगीत (D) मूर्तिकला

**27.** 'कहानी का रंगमंच' के प्रणेता इनमें से कौन हैं ?

(A) नेमिचन्द्र जैन (B) दशरथ ओझा (C) देवेन्द्रराज अंकुर (D) रामगोपाल बजाज

**28.** आचार्य मम्मट द्वारा निर्देशित काव्य-प्रयोजन में इनमें से कौन-सा प्रयोजन शामिल नहीं है ?

(A) यश लाभ (B) आनंद प्राप्ति (C) मोक्ष प्राप्ति (D) अर्थ लाभ

**29.** 'भावकत्व रस विषयक व्यापार है' यह स्थापना इनमें से किस आचार्य की है ?

(A) अभिनव गुप्त (B) भट्ट लोल्लट (C) भट्ट नायक (D) भट्ट शंकुक

**30.** रससूत्र के किस व्याख्याकार ने रस की निष्पत्ति के स्थान पर अनुमिति की बात की है ?

(A) भट्ट लोल्लट (B) भट्ट शंकुक (C) भट्ट नायक (D) अभिनव गुप्त

**31.** औचित्य सिद्धांत के प्रणेता कौन हैं ?

(A) कुंतक (B) आनंदवर्धन

(C) विश्वनाथ (D) क्षेमेन्द्र

**32.** इनमें से वक्रोक्ति के किस भेद से 'अनुप्रास' अलंकार का संबंध है ?

(A) वाक्य वक्रता (B) वर्णविन्यास वक्रता

(C) पद परार्द्ध वक्रता (D) पद पूर्वार्द्ध वक्रता

**33.** 'आदर्श राज्य' किस पाश्चात्य आचार्य का मुख्य पक्ष है ?

(A) प्लेटो
(B) क्रोचे
(C) रिचर्ड्स
(D) अरस्तु

**34.** निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय सूत्रों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. वक्रोक्तिरैववैदग्ध्य भंगी भणिति रूच्यते | 1. पंडितराज जगन्नाथ |
| b. वाक्यं रसात्मकं काव्यम् | 2. भामह |
| c. शब्दार्थोसहितौ काव्यम् | 3. कुंतक |
| d. रमणियार्थ प्रतिपादक: काव्यम् | 4. विश्वनाथ |

(A) a – 4 b – 3 c– 2 d – 1
(B) a – 3 b – 4 c – 2 d – 1
(C) a – 2 b – 4 c – 3 d – 1
(D) a – 1 b – 4 c – 2 d – 3

**35.** अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत के बारे में इनमें से कौन-सा कथन जेम्स स्कॉट का है ?

(A) अनुकरण प्रकृति का पुनर्निर्माण है ।
(B) अनुकरण मूल का पुनरुत्थादन है ।
(C) अनुकरण रचनात्मक व्यापार है ।
(D) अनुकरण जीवन का कल्पनात्मक पुनर्निर्माण है ।

**36.** 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' के लेखक कौन हैं ?

(A) लौंजाइनस (B) कॉलरिज (C) इलियट (D) रिचर्ड्स

**37.** आई. ए. रिचर्ड्स अर्थ की पूर्ण अभिव्यक्ति के लिए भाषा के कितने उपकरण मानते हैं ?

(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 6

**38.** फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई ?

(A) 1800 ई. (B) 1850 ई. (C) 1860 ई. (D) 1880 ई.

**39.** सिग्मंड फ्रायड द्वारा लिखित पुस्तक इनमें से कौन-सी है ?

(A) साइको एनालिसिस एण्ड द अनकौशस
(B) प्राब्लम्स ऑफ न्यूरोसिस
(C) सोशल इन्टरेस्ट
(D) इन आउट लाईन ऑफ साइको एनालिसिस

40. निम्नलिखित में से इडिपस (कुंठा) का आशय है

(A) पुत्र का माँ के प्रति चाहत
(B) पुत्री का पिता के प्रति चाहत
(C) भाई का बहन के प्रति चाहत
(D) बहन का भाई के प्रति चाहत

41. निम्नलिखित में से कौन अस्तित्ववादी दार्शनिक नहीं है ?

(A) सार्त्र
(B) कामू
(C) ग्राम्शी
(D) काफ्का

42. 'शिक्षित बनो, संगठित रहो । संघर्ष करो ।' यह पंक्ति किसकी है ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) भीमराव अम्बेडकर
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) ज्योतिबा फूले

43. उचित स्थापना/स्थापनाओं का चुनाव कीजिए ।

1. सहानुभूति दलित साहित्य की आत्मा है ।
2. दलित साहित्य में स्वानुभूति का उतना महत्त्व नहीं जितना सहानुभूति का है ।

(A) केवल 1 सही
(B) केवल 2 सही
(C) 1 और 2 दोनों सही
(D) 1 और 2 दोनों गलत

44. किस महाकाव्य में 'षट् संवाद' (छह के बीच संवाद) है ?

(A) पद्मावत
(B) रामचरितमानस
(C) उर्मिला
(D) कामायनी

45. 'राम की शक्तिपूजा' पर किस रामायण की छाया है ?

(A) वाल्मीकि रामायण
(B) रामचरितमानस
(C) कंब रामायण
(D) कृतिवास रामायण

46. 'संतन को कहा सीकरी सौं काम' किस कवि की पंक्ति है ?

(A) परमानन्ददास
(B) सुन्दरदास
(C) कुम्भनदास
(D) तुलसीदास

47. इनमें से कौन-सी रचना धूमिल की नहीं है ?

(A) सुदामा पाण्डेय का प्रजातंत्र
(B) कल सुनना मुझे
(C) संसद से सड़क तक
(D) साये में धूप

48. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना रामकथा से संबंधित नहीं है ?

(A) साकेत

(B) प्रिय प्रवास

(C) राम की शक्तिपूजा

(D) संशय की एक रात

49. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है ?

(A) पद्मावत - अवधी

(B) कीर्तिलता - अवहट्ठ

(C) जानकी मंगल - ब्रजभाषा

(D) पार्वती मंगल - अवधी

50. 'रावण जायउ जहि दिअहि, दहमुह एक सरीरू ।
चिताविय तइयहि जणणि, कवणु पियावउँ खीरू ।।'
दोहा निम्न में से किस ग्रंथ से है ?

(A) कुमारपाल प्रतिबोध

(B) सिद्ध हेमचंद्र शब्दानुशासन

(C) प्रबंध-चिन्तामणि

(D) शार्ङ्गधर पद्धति

51. कवि गंग किसके दरबारी कवि थे ?

(A) शेरशाह सूरी

(B) अकबर

(C) शाहजहाँ

(D) बहादुर शाह रंगीले

52. 'जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ग्यान' काव्य पंक्ति किसकी है ?

(A) रामानंद (B) रैदास (C) कबीर (D) नानक

53. निराला की व्यंग्य-प्रधान कविता इनमें से कौन-सी है ?

(A) तुलसीदास (B) कुकुरमुत्ता (C) सरोज स्मृति (D) जूही की कली

54. 'प्रिय प्रवास' के नायक कौन हैं ?

(A) राम (B) मेघनाथ (C) कृष्ण (D) कर्ण

55. इनमें से रामधारी सिंह 'दिनकर' का प्रसिद्ध काव्य-ग्रंथ कौन-सा है ?

(A) चित्राधार (B) आत्मजयी (C) अनामिका (D) परशुराम की प्रतीक्षा

56. "सब खामोश

मनसबदार

शायर औ सूफी

अलग जाली, इब्नेसिन्ना, अलबरूनी,

आलिमो फ़ाजिल सिपहसालार, सब सरदार

हैं खामोश ।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत है ?

(A) अंधेरे में (B) ब्रह्मराक्षस (C) भूल-गलती (D) संशय की एक रात

57. 'कामायनी' के अंतिम सर्ग का क्या नाम है ?

(A) आनंद (B) आशा (C) इड़ा (D) लज्जा

58. 'सखी कारी घटा बरसे बरसाने पै,
मोरी घटा नदगाँव पै री ।'
इनमें से किसकी काव्य पंक्ति है ?

(A) धनानंद (B) बोधा (C) ठाकुर (D) द्विजदेव

59. 'पद्मावती समय' किस काव्य का अंश है ?

(A) पद्मावत (B) खुमाण रासो (C) बीसलदेव रासो (D) पृथ्वीराज रासो

60. निम्नलिखित रचनाओं में से तीन रचनाओं में एक विशेष प्रकार की संगति है । असंगत रचना का चुनाव कीजिए ।

(A) प्रिय प्रवास (B) कुकुरमुत्ता (C) साकेत (D) कामायनी

61. "नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास-रजत-नग पगतल में

पीयूष-स्रोत सी बहा करो जीवन के सुंदर समतल में ।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग से ली गई हैं ?

(A) इड़ा (B) लज्जा (C) श्रद्धा (D) चिंता

62. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित है ?

(A) सेवा सदन – कृषक जीवन

(B) झूठा-सच – छात्र राजनीति

(C) आपका बंटी – दाम्पत्य जीवन

(D) अपना मोर्चा – देश विभाजन

**63.** डॉ. गोपाल राय द्वारा लिखित 'हिन्दी उपन्यास का इतिहास' में प्रेमचंद का मूल रूप से लिखित पहला उपन्यास किसे माना गया है ?

(A) सेवा सदन (B) प्रेमाश्रम (C) कायाकल्प (D) रंगभूमि

**64.** 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास का प्रथम प्रकाशन वर्ष इनमें से कौन-सा है ?

(A) 1943 ई. (B) 1946 ई. (C) 1944 ई. (D) 1963 ई.

**65.** निम्नलिखित स्त्री-पात्रों और उपन्यासों का सुमेलन कीजिए और दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| | |
|---|---|
| a. सुचरिता | 1. गोदान |
| b. मीरा | 2. शेखर-एक जीवनी |
| c. सिलिया | 3. बाणभट्ट की आत्मकथा |
| d. सरस्वती | 4. आपका बंटी |

**कूट :**

(A) a – 4 b – 3 c – 2 d – 1

(B) a – 2 b – 1 c – 3 d – 4

(C) a – 3 b – 4 c – 1 d – 2

(D) a – 1 b – 2 c – 4 d – 3

**66.** 'रूप्पन' इनमें से किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) तमस (B) राग दरबारी (C) झूठा-सच (D) जिन्दगीनामा

**67.** निम्नलिखित उपन्यासों का सही कालानुक्रम क्या है ?

1. तमस
2. झरोखे
3. मय्यादास की माड़ी
4. नीलू नीलिमा नीलोफर

**कूट :**

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 2, 1, 3, 4

(D) 3, 1, 4, 2

**68.** इनमें से दलित लेखक द्वारा दलित जीवन पर लिखित पहला उपन्यास कौन–सा है ?

(A) कब तक पुकारूँ (B) छप्पर (C) धरती धन न अपना (D) यथा प्रस्तावित

**69.** 'मैला आँचल' उपन्यास में किसका हृदय परिवर्तन होता है ?

(A) प्रशांत (B) बावनदास (C) लछमी (D) विश्वनाथ प्रसाद

**70.** इनमें से कौन–सा उपन्यास रांगेय राघव का है ?

(A) गढ़ कुण्डार (B) मुर्दों का टीला (C) सोमनाथ (D) सिंह सेनापति

**71.** उपन्यास – उपन्यासकार का कौन–सा युग्म सही है ?

(A) जुलूस – जगदम्बा प्रसाद दीक्षित (B) टोपी शुक्ला – रेणु

(C) गायब होता देश – रणेन्द्र (D) तीसरी ताली – संजीव

**72.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके उपन्यासकारों के साथ सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए ।

| | |
|---|---|
| a. कतरा दर कतरा | 1. मनीषा कुल श्रेष्ठ |
| b. मैं बोरिशइल्ला | 2. महुआ माजी |
| c. शिगाफ़ | 3. नीरजा माधव |
| d. यमदीप | 4. सुषम बेदी |

**कूट :**

(A) a – 3 b – 4 c – 2 d – 1

(B) a – 4 b – 2 c – 1 d – 3

(C) a – 3 b – 2 c – 4 d – 1

(D) a – 1 b – 3 c – 2 d – 4

**73.** किस कहानी आंदोलन ने 'आम आदमी' को प्रतिष्ठित करने पर बल दिया ?

(A) सक्रिय कहानी आंदोलन (B) नयी कहानी आंदोलन

(C) सचेतन कहानी आंदोलन (D) समांतर कहानी आंदोलन

**74.** गंगा प्रसाद 'विमल' किस कहानी आंदोलन के पुरोधा है ?

(A) सचेतन कहानी (B) सक्रिय कहानी

(C) अ–कहानी (D) नयी कहानी

**75.** निम्नलिखित कहानीकारों और उनके संग्रह का कौन-सा युग्म सही है ?

(A) राजेन्द्र यादव - नये बादल

(B) धर्मवीर भारती - मुर्दों का गाँव

(C) कमलेश्वर - टूटना

(D) निर्मल वर्मा - ठुमरी

**76.** निम्नलिखित कहानीकार और उनके कहानी संग्रह की दृष्टि से कौन-सा युग्म सही नहीं है ?

(A) भैरव प्रसाद गुप्त - मुहब्बत की राहें

(B) भीष्म साहनी - भटकती राख

(C) मोहन राकेश - फौलाद का आकाश

(D) मार्कण्डेय - गरीबी हटाओ

**77.** 'दुलाईवाली' कहानी की लेखिका बंगमहिला का वास्तविक नाम क्या है ?

(A) सुरेन्द्रबाला घोष (B) राजेन्द्रबाला घोष (C) सुपर्णा देवी (D) महाश्वेता देवी

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी विभाजन की त्रासदी को सघनता से लक्षित करती है ?

(A) दुनिया का अनमोल रतन (B) अपना-अपना भाग्य

(C) राही (D) अमृतसर आ गया है

**79.** 'कोसी का घटवार' कहानी में लछमा के संदर्भ में आये शब्द 'काला चरेऊ' का क्या अर्थ है ?

(A) बिंदिया (B) सुहाग चिह्न (C) करधनी (D) कंगन

**80.** निम्नलिखित में से किस कहानी में व्यंग्य-बोध अपने चरम पर है ?

(A) आकाशदीप (B) गैंग्रीन

(C) पिता (D) इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक राजनीतिक दाँव-पेंच दर्शाने वाला नहीं है ?

(A) बकरी (B) महाभोज (C) आधे-अधूरे (D) अंधेर नगरी

**82.** 'जमींदार का महल' और 'विधवा की झोंपडी' की कथा इनमें से किस कहानी में चित्रित है ?

(A) चीफ की दावत (B) कानों में कंगना (C) परिन्दे (D) एक टोकरी भर मिट्टी

**83.** 'शकटार' किस नाटक का एक महत्वपूर्ण चरित्र है ?

(A) स्कंदगुप्त (B) चंद्रगुप्त (C) ध्रुवस्वामिनी (D) एक घूँट

**84.** सुभद्रा कुमारी चौहान की कहानी 'राही' के अनुसार अनीता को जेल में किस क्लास में से किस क्लास में भेजा जाता है ?

(A) 'ए' से 'बी'
(B) 'बी' से 'सी'
(C) 'सी' से 'बी'
(D) 'बी' से 'ए'

**85.** सिद्धान्तवादी प्रोफेसर का पात्र कौन-से नाटक से संबंधित है ?

(A) एक और द्रोणाचार्य
(B) अंजो दीदी
(C) आगरा बाज़ार
(D) महाभोज

**86.** निम्नलिखित में से 'रंगपीठ' के आशय को स्पष्ट करता है

(A) रंगमंच का पिछला हिस्सा
(B) रंगमंच का मध्य हिस्सा
(C) रंगमंच के ऊपर का हिस्सा
(D) रंगमंच का अगला हिस्सा

**87.** 'पर्णदन्त' जयशंकर प्रसाद के किस नाटक का पात्र है ?

(A) चन्द्रगुप्त
(B) स्कंदगुप्त
(C) राज्यश्री
(D) ध्रुवस्वामिनी

**88.** इनमें से कौन-सा नाटक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित नहीं है ?

(A) भारत दुर्दशा
(B) भारत जननी
(C) भारत सौभाग्य
(D) नील देवी

**89.** 'कविता क्या है ?' निबंध सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ था ?

(A) आनंद कादम्बिनी
(B) नागरी प्रचारिणी पत्रिका
(C) सरस्वती
(D) सार सुधानिधि

**90.** इनमें से कौन ललित निबन्धकार नहीं है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) कुबेरनाथ राय

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है ?

(A) नाखून क्यों बढ़ते हैं - हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) संस्कृति और सौंदर्य - नामवर सिंह
(C) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है - विद्यानिवास मिश्र
(D) शिवशम्भु के चिट्ठे - शिवमूर्ति

**92.** इनमें से कौन–से मेले के अवसर पर भारतेन्दु ने 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है ?' विषय पर ओजस्वी भाषण दिया था ?

(A) ददरी (B) प्रयागराज (C) कुंभ (D) गया

**93.** 'लाल तारा', 'माटी की मूरतें', 'गेहूँ और गुलाब', 'मील के पत्थर' किसकी प्रसिद्ध कृतियाँ हैं ?

(A) राहुल सांकृत्यायन (B) उपेन्द्रनाथ अश्क (C) विनयमोहन शर्मा (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

**94.** ''पंडित प्रताप नारायण मिश्र और पंडित बालकृष्ण भट्ट ने हिन्दी गद्य–साहित्य में वही काम किया है, जो अंग्रेजी गद्य–साहित्य में एडीसन और स्टील ने किया था ।'' यह कथन किसका है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(C) श्यामसुन्दर दास (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**95.** 'गाँधी पंचशती' इनमें से किसकी कृति है ?

(A) विष्णु प्रभाकर (B) कन्हैया लाल मुंशी

(C) भवानी प्रसाद मिश्र (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**96.** 'ठकुरी बाबा' संस्मरण किस संग्रह में है ?

(A) अतीत के चलचित्र (B) पथ के साथी (C) स्मृति की रेखाएँ (D) मेरा परिवार

**97.** ''श्रेष्ठ जीवनी लेखक काल, देश, व्यक्ति और घटना की सीमाओं को तोड़कर अनुभूतियों का सौन्दर्य में विक्षेपन करवाता है ।'' यह कथन इनमें से किसका है ?

(A) विष्णु प्रभाकर (B) अमृत राय (C) रामविलास शर्मा (D) शिवरानी देवी

**98.** इनमें से कौन–सा भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा लिखित यात्रावृत्तांत नहीं है ?

(A) सरयू पार की यात्रा (B) लखनऊ की यात्रा

(C) मेरी तिब्बत यात्रा (D) मेंहदावल की यात्रा

**99.** रमणिका गुप्ता रचित आत्मकथा 'आपहुदरी' का क्या अर्थ होता है ?

(A) नौकरीपेशा स्त्री (B) झगड़ालू स्त्री

(C) अपनी शर्तों पर जीने वाली स्त्री (D) मृत स्त्री

**100.** भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1920 ई. (B) 1914 ई. (C) 1916 ई. (D) 1913 ई.

SEAL

**Space for Rough Work**